आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेश में अब तक दो लाख 76 हजार से अधिक लोगों की कैंसर जांच की गई। महिलाओं में जागरूकता बढ़ी।
- उत्तरकाशी जिले की यमुना घाटी में नुकसान का आकलन करने पहुंची पीडीएनए की टीम।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट के तहत शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले अर्धकुंभ को लेकर पुलिस महानिरीक्षक, कुंभ मेला, नीलेश आनंद भरणे ने हरिद्वार में बैठक की।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में कैंसर जांच को लेकर आम लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। चिकित्सकों ने अब तक 2 लाख 76 हजार 608 लोगों में कैंसर की जांच की है, जिनमें सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर और मुंह के कैंसर प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन स्वास्थ्य शिविरों में न सिर्फ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है, बल्कि आम लोगों में खासकर महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान को लेकर प्रदेश की जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अभियान के तहत लोगों का न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, बल्कि उन्हें सेहत के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

क्षति निरीक्षण

केंद्र ओर राज्य सरकार की संयुक्त पीडीएनए टीम ने आज दूसरे दिन उत्तरकाशी जिले की यमुना घाटी में मानसून से हुई क्षति का निरीक्षण किया। यमुनोत्री धाम मार्ग के साथ ही टीम ने स्यानाचट्टी और जंगल चट्टी में भूस्खलन व भू–धसाव से हुए नुकसान का आकलन किया। पीडीएनए टीम वास्तिवक नुकसान का सटीक निर्धारण करेगी, ताकि लोगों को वास्तविक क्षति के आधार पर उचित मुआवजा मिले और पुनर्निर्माण कार्यों को सही ढंग से किया जा सके। गौरतलब है कि बड़कोट तहसील के अंतर्गत स्यानाचट्टी में यमुना नदी का मार्ग अवरुद्ध हो जाने से बनी स्थाई झील से भारी नुकसान होने के साथ ही अतिवृष्टि से कई स्थानों पर मार्ग वॉश आउट हुए और बड़े स्तर पर लोगों को नुकसान हुआ।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इस महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

जिलाधिकारी निरीक्षण

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने जिले के कैंची धाम परिक्षेत्र में मानसखंड परियोजना और बाइपास से जुड़ी विभिन्न निर्माण गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदायी विभाग की ओर से बताया गया कि भवाली बाइपास का कार्य अगस्त तक पूरा होना था, लेकिन मानसून के कारण इसमें विलंब हुआ है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने ठेकेदार पर अर्थदंड लगाने और हर हाल में 15 अक्टूबर तक कार्य पूरा कर बाइपास को चालू करने के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कैंची धाम के बाइपास की समीक्षा भी की। विभाग ने जानकारी दी कि 6 किलोमीटर सड़क को काटने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 4 किलोमीटर कार्य शेष है, जिसे एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। बाइपास में एक पुल का प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है। जिलाधिकारी ने पुल बनने तक इस बाइपास को रातीघाट को जोड़ने वाले पुराने संपर्क मार्ग से अस्थायी रूप से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन वाहनों को जाम से बचाया जा सके।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट के तहत अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों जैसे पीएमयू को 31 अक्टूबर तक ड्राफ्ट सीईआरसी संचालन मैनुअल और ड्राफ्ट आपातकालीन कार्य योजना तैयार करनी है। इसे ध्यान में रखते हुए कार्य योजना को प्रस्तावित समय–सीमा के अंतर्गत पूरा किया जाए। बैठक में वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना प्रबंधन इकाई, परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों और क्षेत्रीय परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों की स्थापना कर दी गई है। इसमें कुछ पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और भर्ती प्रक्रिया सक्रिय रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि 29 पुलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें उल्लेखनीय भौतिक और वित्तीय प्रगति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वेब–आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली शुरू की गई है और मोबाइल ऐप सुरक्षा ऑडिट के बाद शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही, परियोजना से प्रभावित परिवारों को भूमि मुआवजा प्रदान किया गया है और शिकायत निवारण तंत्र पूरी तरह कार्यात्मक है।

हरिद्वार अर्धकुम्भ तैयारी

हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले अर्धकुंभ को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस महानिरीक्षक, कुंभ मेला, नीलेश आनंद भरणे ने हरिद्वार में जिला पुलिस के साथ बैठक की। बैठक में मेला क्षेत्र की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती करने और आपदा प्रबंधन की योजना पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि कुंभ पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित हो, इसके लिए पुलिस ने अभी से ब्लूप्रिंट तैयार करना शुरू कर दिया है।

विश्व पर्यटन दिवस

आज विश्व पर्यटन दिवस है। यह दिवस लोगों को जोड़ने, सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास में पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ़ है और सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व प्राकृतिक धरोहर को दुनिया तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना को मजबूत बनाने, नई पर्यटन परियोजनाओं को गति देने, स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को प्रोत्साहित करने तथा आमजन को पर्यटन से जुड़े विविध रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार दृढ़ संकल्प और योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

इस बीच, विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा में सुबह साइकिल रैली निकाली गई। पर्यटन विभाग द्वारा मल्ला महल अल्मोड़ा में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

एमटीबी चैलेंज

चमोली जिले के गोपेश्वर में देश की सबसे ऊंची सड़क– माणा पास पर स्की एंड माउंटेनिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता शुरु हो गई है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने इस साइकिलिंग रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इससे स्वरोजगार के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरुक करने के लिए साइकिलिंग रैली सहायक सिद्ध होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन माणा पास से बदरीनाथ धाम तक किया जाएगा। इसमें आईटीबीपी और भारतीय सेना के साथ ही पंजाब, दिल्ली, तेलंगाना, कर्नाटक और जम्मू कश्मीर के साथ ही उत्तराखण्ड के सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतियोगिता देश की सबसे ऊंचाई वाली बदरीनाथ–माणा पास सड़क के 53 किलोमीटर के हिस्से में आयोजित की जाएगी।